# मंत्री सुरेश खन्ना ने किया सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण

- **नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने किया नवनिर्मित पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण**

**शाहजहाँपुर।** वित्त मंत्री व शहर विधायक सुरेश कुमार खन्ना ने आज नगर निगम द्वारा बनवाये गये डी0एम0 कम्पाउन्ड में सामुदायिक शौचालय का लोकार्पण किया । नगर निगम द्वारा जन-सामान्य की सुविधा को ध्यान में रखते हुये स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत डी0एम0 कम्पाउन्ड में जी0एफ0 कॉलेज रोड पर बनवाये गये सार्वजनिक शौचालय का मंत्री सुरेश खन्ना ने लोकार्पण किया लोकार्पण के समय उन्होंने सभी महानगर वासियों से अपील की कि नगर के विभिन्न-विभिन्न क्षेत्रों में बने सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयो का ही उपयोग करें, जिससे नगर में होने वाली गंदगी से बचा जा सकें व नगर में बने सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयो की साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखे जाने की अपील की । इस अवसर पर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाये रखने की अपील की । लोकार्पण के समय सांसद अरुण कुमार सागर, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष सुरेन्द्रनाथ वाल्मीकि, जिलाधिकारी/प्रषासक महोदय इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रामसेवक द्विवेदी, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान एवं अन्य सभ्रान्त नागरिकगण उपस्थित रहे। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने अजीजगजं से नवनिर्मित पोस्टमार्टम हाउस को जाने वाले रोड, न्यू सिटी में बने जैव-विविधता पार्क एवं सुभाष चौराहा के चारों तरफ होने वाले वृक्षारोपण का निरीक्षण किया ।